महामहिम राष्ट्रपति द्‌वारा आयुषमान भवः अभियान के वर्चुअल लांचिंग कार्यक्रम पर माननीय राज्यपाल श्री गुलाब चन्द कटारिया का संबोधन

दिनांक 13 सितंबर 2023, बुधवार	समय : 12:00 PM	स्थान : गौहाटी मेडिकल कॉलेज ऑडिटोरियम, भांगागढ़

- असम के माननीय मुख्यमंत्री डॉ. हिमन्त विश्व शर्मा जी,
- राज्य के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्री केशव महंत जी,
- स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव श्री अविनाश जोशी जी,
- विभाग के सम्मानित अधिकारीगण
- कार्यक्रम में उपस्थित अन्य अतिथिगण
- मीडिया के हमारे मित्रों

आप सभी को मेरा नमस्कार।

आज माननीय राष्ट्रपति श्रीमती द्रोपदी मुर्मु जी ने आयुष्मान भवः अभियान लांच किया। इस शुभ अवसर पर आप सबके बीच उपस्थित होकर मुझे बहुत खुशी हो रही है। हमारे लिए गर्व की बात है कि हम इस अभियान की लांचिंग के लिए एकत्रित हुए हैं। यह अभियान देश के स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण अभियान है। यह अभियान देश के सभी नागरिकों विशेषकर गरीब और मध्यम वर्ग के लोगों के स्वास्थ्य और कल्याण को सुनिश्चित करने के लिए हमारे प्रयास में मील का पत्थर साबित होगा।

मित्रों,

जैसा कि हम जानते हैं, स्वास्थ्य सेवा एक अधिकार है, विशेषाधिकार नहीं। लेकिन आज भी बहुत से लोगों के लिए स्वास्थ्य सेवा पहुंच से बाहर है। इसलिए सरकार ने आयुष्मान भवः अभियान लॉन्च किया है।

आयुष्मान भवः अभियान मात्र एक अभियान ही नहीं, बल्कि स्वास्थ्य सेवा के प्रति एक दृष्टिकोण है, एक प्रतिबद्धता है। यह हमारे राष्ट्र की भावना का प्रतीक है, जहां प्रत्येक व्यक्ति का स्वास्थ्य सर्वोपरि महत्व का विषय है।

प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी इस महत्व को बखूबी समझते हैं। उन्होंने मानवता की सेवा के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। उन्होंने आयुष्मान भारत योजना के तहत 60 करोड़ लोगों को 5 लाख रुपए की मुफ्त इलाज की गांरटी दी। अब आयुष्मान भवः योजना के जरिए को राष्ट्र को आरोग्य और स्वस्थ बनाने की मुहिम चलाने की योजना बनाई है।

यह खुशी की बात है कि आयुष्मान भवः के लिए **“सेवा पखवाड़ा”** अभियान की शुरुआत माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन 17 सितम्बर से की जाएगी और 2 अक्टूबर को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की जयंती के मौके पर समापन किया जाएगा।

इस सेवा पखवाड़े के दौरान अस्पतालों एवं स्वास्थ्य केंद्रों में मुफ्त जांच और इलाज और गांवों में स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया जाएगा। 'अंत्योदय' के दृष्टिकोण के अनुरूप हर गांव में स्वास्त्य सेवाओं की उपलब्धता सभी के लिए स्वास्थ्य के लक्ष्य को हासिल करने के लिहाज से बहुत महत्वपूर्ण है। इसलिए गांवों में स्वास्थ्य मेला का आयोजन कर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने की विशेष पहल की गई है।

इसके अलावा आयुष्मान **"आपके द्वार 3.0"** का आयोजन किया जाएगा। इसके अंतर्गत आयुष्मान भारत योजना के पात्र लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड बनाए जाएंगे। सरकार अब इस सेवा पखवाड़े के दौरान अतिरिक्त 60 हजार गरीबों को आयुष्मान कार्ड उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा है।

यह जानकर खुशी हुई कि इस अभियान के दौरान पूरे देश में ऑनलाइन अंग दान पंजीकरण भी किया जाएगा। इसके अलावा ब्लड बैंकों द्वारा रक्तदान शिविर लगाए जाएंगे। मैं अंगदान के इच्छुक नागरिकों से अपील करता हूं कि वे अंगदान की अपनी प्रतिबद्धता के लिए अपना नाम पंजीकृत कराएं। मैं राज्य के लोगों से भी अनुरोध करूंगा कि सेवा पखवाड़े के दौरान आयोजित होने वाले रक्तदान शिविरों में बढ़चढ़ कर हिस्सा लें और रक्तदान करें और आयुष्मान भवः अभियान में अपना योगदान दें।

मित्रों,

आयुष्मान भवः अभियान का आयोजन सबके लिए स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए किया जा रहा है। जन-जन तक केंद्र एवं राज्य सरकार की स्वास्थ्य संबंधी योजनाओं का लाभ पहुंचाना इस योजना का मुख्य उद्देश्य है। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए सरकार, स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं और नागरिकों को मिलकर काम करना होगा। अभियान के सफल कार्यान्वयन के लिए सरकारी तंत्रों और स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में काम कर रहे लोगों को भी तालमेल के साथ काम करना होगा।

मैं देश के सभी नागरिकों से भी आह्वान करता हूं कि वे इस अभियान से जुड़ें और जन-जन तक स्वास्थ्य सेवा पहुंचाने में योगदान दें। गरीब और मध्यम वर्ग के लोगों को सरकार की स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति जागरूक करें।

अंत में मैं आयुष्मान भवः अभियान की सफलता के लिए शुभकामनाएं देता हूं।

धन्यवाद।

जय हिन्द।